कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास, जनपद वाराणसी ।

पत्रांक सी-1219 / जि0का0अधि0 / विज्ञप्ति / 2026–27, दिनांक 01 जुलाई 2026

## विज्ञप्ति

**अन्तिम तिथि 31.07.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि नवीन शासनादेश संख्या–1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद वाराणसी के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियॉ के तहत **विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

| कमांक | परियोजना का नाम | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अराजीलाईन | 26 | 06 | 01 | 07 | 12 | 26 |
| 2 | सेवापुरी | 09 | 02 | 00 | 03 | 04 | 09 |
| 3 | काशीविद्यापीठ | 27 | 05 | 01 | 08 | 13 | 27 |
| 4 | हरहुआ | 07 | 00 | 00 | 03 | 04 | 07 |
| 5 | पिण्डरा | 11 | 02 | 01 | 01 | 07 | 11 |
| 6 | बड़ागॉव | 14 | 03 | 01 | 04 | 06 | 14 |
| 7 | चोलापुर | 13 | 02 | 00 | 04 | 07 | 13 |
| 8 | चिरईगॉव | 08 | 00 | 00 | 02 | 06 | 08 |
| 9 | नगरक्षेत्र | 72 | 13 | 00 | 26 | 33 | 72 |
| | योग : | 187 | 33 | 4 | 58 | 92 | 187 |

उपरोक्त पदों की ग्रामसभा / वार्डवार रिक्तियों एवं आरक्षण का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय वोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश निम्नवत है :–**

1 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं निर्देशों का भली भॉति अध्ययन कर लें जिससे किसी प्रकार की त्रुटि जनित हानि से बचा जा सके।

2 यह विज्ञापन मात्र सूचना के लिए है। चयन की समस्त कार्यवाही बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग उ0प्र0 के शासनादेश संख्या–1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58–1–2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित प्रकिया के अधीन होगी तथा किसी विवाद की स्थिति में शासनादेश में वर्णित उपबन्ध ही मान्य होंगे।

3 विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।

Scanned with OKEN Scanner

4 रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमिडियट एवं उसके समकक्ष होगी, किन्तु चयन हेतु इण्टर से परास्नातक तक के अंको को जोड़कर मेरिट तैयार की जायेगी।

5 आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। रिक्त पद की ग्रामसभा अथवा वार्ड के बाहर के निवासी द्वारा किया गया आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

6 निवास व जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगें, जिसका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

7 आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1–9–11–राज0–9 दिनांक 30.09.20211 (यथा संशोधित) के कम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो। इस संबंध में भविष्य में यदि राजस्व विभाग द्वारा कोई पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाता है तो नवीन शासनादेश में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। गरीबी रेखा के आय सीमा का पुनर्निधारण किये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 22/2015/2123/26–2–2015 दिनांक 14 सितम्बर, 2015 (यथा संशोधित) द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रू–46,080.00 और शहरी क्षेत्र में रू–56,460.00 गरीबी रेखा हेतु निर्धारित वार्षिक आय सीमा का अनुपालन किया जायेगा।

8 विधवा आवेदिका हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी ।

9 तलाकशुदा/परित्यकत्ता आवेदिका के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होगें।

10 आवेदिका की आयु निर्धारित **कट ऑफ डेट <u>01 जुलाई 2026</u>** को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतक 35 वर्ष होगी। आयु के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के लिए हाईस्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

11 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति में चयन शासनादेशानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा ।

12 विज्ञापित पदों हेतु केवल **विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

13 विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की **<u>अन्तिम तिथि 31.07.2026.मध्य रात्रि 12.00 बजे</u>** तक होगी।

14 विज्ञापित पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है। जो वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी।

15 उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना **विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

16 उपरोक्त पदों पर भर्ती शैक्षिक योग्यता के आधार पर तैयार की गयी मेरिट के आधार पर होगी। इसके लिए कोई लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा।

17 ऑगनवाड़ी कार्यकत्री का पद पूर्णतः अस्थायी एवं मानदेय पर आधारित है जिस पर उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सेवा नियमावली लागू नहीं होगी तथा शासन के निर्देशानुसार कभी भी समाप्त किये जा सकते है।

18 ऑनलाइन आवेदन में वेबसाइट पर भरी गयी सूचनाऍ ही चयन के लिये प्रयोग की जायेंगी। कोई भी कागजात ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

Scanned with OKEN Scanner

19 अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर आवेदन करते समय यदि कोई सूचना गलत/त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण भरी जाती है तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

20 ऑगनवाड़ी कार्यकत्री को उ0प्र0 सरकार द्वारा समय-समय पर नियत मानदेय का भुगतान किया जायेगा। वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकत्री का मानदेय रू-4500.00 प्रतिमाह एवं अतिरिक्त मानदेय रू-1500.00 प्रतिमाह अनुमन्य है।

01-7-26

(डी0के0 सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
वाराणसी।

पृष्ठाकंन पत्र संख्या सी-1219 तद दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2 जिलाधिकारी महोदय, वाराणसी ।
3 मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, वाराणसी ।
4 समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद वाराणसी को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5 समस्त खण्ड विकास अधिकारी, वाराणसी को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6 जिला सूचना अधिकारी वाराणसी को इस आशय से कि जनपद वाराणसी के उपरोक्त उल्लिखित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की विज्ञप्ति न्यूनतम दर पर एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने के साथ भुगतान हेतु बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7 जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वाराणसी को इस अनुरोध के साथ कि कृपया रिक्तियों की सूचना, एन.आई.सी. वाराणसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
8 सम्बन्धित, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद वाराणसी इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पद की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करे।

01-7-26

जिला कार्यक्रम अधिकारी
वाराणसी

Scanned with OKEN Scanner